राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

अपनी पौत्रियों को आबू की जैव विविधता और झील की सुनाई कहानी

'लेक व्यू' स्थल से राज्यपाल ने निहारा माउंट आबू का सौंदर्य

जयपुर 25, जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शुक्रवार को राजभवन के 'लेक व्यू' स्थल से माउंट आबू की सुप्रसिद्ध नक्की झील और यहां की जैव विविधता के सौंदर्य को सपरिवार निहारा। उन्होंने कहा कि आबू पर्वत की नक्की झील जितनी सुंदर है, उतनी ही विविधतापूर्ण और आकर्षक यहां की जैव विविधता है।

राज्यपाल राजभवन के 'लेक व्यू' पॉइंट पर आज शिक्षक और पर्यावरणविद् की भूमिका में थे। दूर तक फैली हरियाली और पहाड़ों के मध्य कटोरानुमा झील तथा फलों से लदे वृक्ष देखकर उन्होंने अपनी पौत्रियों आशी और अमिशी को स्थानीय वनस्पतियों और आबू पर्वत की पारिस्थितिकी तंत्र की विशेषताओं के बारे में भी देर तक बहुत सारी जानकारियां साझा की।

राज्यपाल ने अपनी पौत्रियों को नक्की झील की उत्पत्ति और आबू पर्वत से जुड़े इतिहास की भी रोचक कहानियां सुनायी। राजभवन के 'लेक व्यू' पॉइंट से नक्की झील और हरियाली से लकदक पहाड़ियों की रमणीयता को देख राज्यपाल ने आज प्रातः कोई दो घंटे तक वहीं बच्चों और परिवार के साथ समय बिताया। राज्यपाल ने बाद में कहा भी, 'हरी–भरी धरती ही मन को सदा उर्वर रखती है। इसलिए बच्चों को आरम्भ से ही विद्यालयों में बाकी विषयों के अध्ययन के साथ पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन का भी पाठ पढ़ाया जाना चाहिए।'

राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 25 जून। राज्यपाल से आज यहां राजभवन में राजस्थान विधानसभा की पूर्व उपाध्यक्ष श्रीमती तारा भंडारी और पिण्डवाड़ा के विधायक समाराम गरासिया ने मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र से आज ही लघु उद्योग भारती के श्री प्रकाशचंद्र और निंबाराम जी ने भी मुलाकात की। एयरफोर्स स्टेशन, माउंट आबू के कमांडर ग्रुप कैप्टन श्री विकास वर्मा, श्री अमित जोशी के नेतृत्व में विप्र समाज के प्रतिनिधिमंडल ने भी आज श्री मिश्र से मुलाकात की।

राज्यपाल से इन सबकी यह शिष्टाचार भेंट थी।